# MEDIA COVERAGE

| S.No. | Publication Name | Date | Link |
|---|---|---|---|
| 1. | **India News Calling** | 14/12/2019 | Golf Tourism – Harbinger for Economic Growth: PHDCCI |
| 2. | **First India** | 14/12/2019 | Golf tourism is harbinger for economic growth: PHDCCI |
| 3. | **Press Note** | 14/12/2019 | Golf Tourism – Harbinger for Economic Growth: PHDCCI |
| 4. | **The Times of Bengal** | 14/12/2019 | Golf Tourism – Harbinger for Economic Growth: PHDCCI |
| 5. | **International News and View Corporation** | 19/12/2019 | Golf Tourism – Harbinger for Economic Growth : PHDCCI |

## Jaipur Nav Xpress, 13 December 2019

### गोल्फ टूरिज्म कॉन्कलेव की शुरूआत



Nav Xpress | शहर की 22 गोदाम सर्किल स्थित एक होटल में गुरुवार को दो दिवसीय पीएचडी गोल्फ टूरिज्म कॉन्कलेव और टूर्नामेंट में 'इंडिया : द नेक्स्ट वार्ल्ड गोल्फ टूरिज्म हैब' की शुरूआत हुई, इसमें देशभर के आए गोल्फ टूरिज्म विशेषज्ञों ने विस्तार से मंथन किया और अपने विचार रखें। विशेषज्ञों ने कहा कि आज देश में पहले के मुकाबले गोल्फ टूरिज्म बढ़ रहा है। इसको लेकर पीएचडी संस्थान काफी सहयोग कर रहा है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत पीएचडीसीसीआई के डायरेक्टर डॉ.जतिन्द्र सिंह, पीएचडीसीसीआई के पूर्व प्रेसिडेंट अनील खेतान, राजस्थान चैप्टर चेयरमैन दिग्विजय डाबरिया, पूर्व आईएएस विनोद, चुग कवाग टीन, राजस्थान टूरिज्म विभाग की एडिशनल डायरेक्टर मनीष अरोड़ा व राजन सहगल ने किया। इस मौके पर डाबरिया ने पीएचडी गोल्फ टूरिज्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

NATIONAL APEX CHAMBER

**Dainik Bhaskar, 13 December 2019 (Page 19)**

# देश में अब पहले के मुकाबले गोल्फ टूरिज्म का बढ़ा क्रेज

सिटी रिपोर्टर . जयपुर

देश-दुनिया में वर्तमान में गेम्स और टूरिज्म का रुझान टेक्नोलॉजी के साथ बढ़ता जा रहा है। ऐसे ही गोल्फ व कोर्स करने वालों का क्रेज बढ़ रहा है। यह जानकारी और विचार बाइस गोदाम सर्किल स्थित एक फाइव स्टार होटल में शुरू हुए दो दिवसीय पीएचडी गोल्फ टूरिज्म कॉन्क्लेव इंडिया:द नेक्स्ट वार्ल्ड गोल्फ टूरिज्म हैब' में एक्सपर्ट ने रखें। कार्यक्रम में देशभर से गोल्फ टूरिज्म एक्सपर्ट आए और पर्यटन पर विस्तार से विचार किया। उन्होंने कहा, आज देश के साथ ही दुनिया भर में पहले के मुकाबले गोल्फ टूरिज्म बढ़ रहा है। इसको लेकर पीएचडी संस्थान काम कर रही है।

NATIONAL APEX CHAMBER

## Dainik Navjyoti, 14 December 2019 (Page 9)

# विदेशी मुद्रा की आय में उल्लेखनीय वृद्धि करने की क्षमता : शर्मा

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर

केन्द्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय की जनरल डायरेक्टर मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि गोल्फ टूरिज्म में पर्यटन से विदेशी मुद्रा की आय में उल्लेखनीय वृद्धि करने की क्षमता है। जबकि इसका एक बड़ा हिस्सा संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान जैसे कुछ देशों द्वारा कब्जा कर लिया गया है, पर कई अन्य




देश विशेष रूप से विकासशील गोल्फ पर्यटन पर भारी निवेश कर रहे हैं। शर्मा पीएचडी गोल्फ टूरिज्म कॉन्क्लेव और टूर्नामेंट का तीसरा संस्करण 'भारतः द नेक्स्ट वर्ल्ड गोल्फ टूरिज्म हब' के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थी। शर्मा ने कहा कि सरकार सभी तरह के खेलों व टूरिज्म को सपोर्ट कर रही है। इस मौके पर मीनाक्षी शर्मा, ताइपे इकोनॉमिक एंड कल्चरल सेंटर इन इंडिया के राजदूत एचई चुंग क्वांग टीएन, पीएचडीसीसीआई के डायरेक्टर डॉ.जतिन्द्र सिंह, पूर्व प्रेसिडेंट अनील खेतान, राजस्थान चैप्टर चेयरमैन दिग्विजय डाबरिया ने गोल्फ विजेताओं को सम्मानित किया।

## First India, 14 December 2019 (Page 9)



# Golf tourism is harbinger for economic growth: PHDCCI

**Jaipur:** PHD Chamber of Commerce & Industry (PHDCCI) organized the 3rd edition of PHD Golf Tourism Conclave and Tournament from December 12-13 in Jaipur, Rajasthan with a focus to make 'India, the Next World Golf Tourism Hub'.

PHD Golf Tourism Conclave was held on December 12, 2019 at Holiday Inn Jaipur City Centre and brought on one platform all the relevant stakeholders–the Government and the private sector to discuss issues and opportunities for promotion of Golf Tourism in India. The Inaugural Session was graced by H.E. Chung Kwang Tien, Ambassador, Taipei Economic and Cultural Center in India; Vinod Zutshi (Retd. IAS), Former Secretary - Ministry of Tourism, Government of India; Dr. Manisha Arora, Additional Director – Department of Tourism, Government of Rajasthan.

Also present from PHDCCI were Anil Khaitan, Former President; Digvijay Dhabriya, Chairman Rajasthan State Chapter; Rajan Sehgal, Co-Chairman Tourism Committee; Suneel Dutt Goyal, Co-Chairman Rajasthan State Chapter; & Dr. Jatinder Singh, Director. While welcoming the delegates, Anil Khaitan, Former President, PHDCCI, said that the emerging trend of playing golf among the youth has motivated the government and private players to improve infrastructure, including golf courses of international standards and trained manpower. He also said with Golf becoming a growing sport worldwide, there are immense opportunities for the growth of Golf Tourism in India. H.E. Chung Kwang Tien, Ambassador, Taipei Economic and Cultural Center in India, gave a detailed presentation on the golf courses in Taiwan and invited all the stakeholders to experience the destination.





NATIONAL APEX CHAMBER

**Rajasthan Patrika, 14 December 2019 (Page 10)**

# कर्नल लाकड़ा रहे ओवरऑल विजेता



डेली न्यूज, जयपुर। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से गोल्फ क्लब में संपन्न तीसरे पीएचडी गोल्फ टूरिज्म कॉन्क्लेव एंड टूर्नामेंट में कर्नल एसके लाकड़ा ओवरऑल विजेता रहे। वहीं शान्तनु उपविजेता, एचई यिह जियुन तादन चेन लेडी विनर, कॉलेस्ट ट पिन नीरज लाखी, लांगेस्ट ड्राइव हैदर अली और स्ट्रेट ड्राइव जीतू भटनागर रहे।

---

**Rajasthan Patrika, 14 December 2019 (Page 24)**

# इंडिया को गोल्फ टूरिज्म का हब बनाने को लेकर हुई चर्चा



पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जयपुर ◆ पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआइ) की ओर से दो दिवसीय पीएचडी गोल्फ टूरिज्म कॉन्क्लेव और टूर्नामेंट का तीसरा संस्करण आयोजित किया। इसमें 'भारत : द नेक्स्ट वर्ल्ड गोल्फ टूरिज्म हब बनाने पर जोर दिया गया। पीएचडी गोल्फ टूरिज्म कॉन्क्लेव में भारत में गोल्फ पर्यटन को बढ़ावा देने के मुद्दों और अवसरों पर चर्चा की गई। उद्घाटन सत्र में ताइपे इकोनॉमिक एंड कल्चरल सेंटर इन इंडिया के राजदूत एचई चुंग क्वांग टीएन, पूर्व आइएएस विनोद जुत्शी, पीएचडीसीसीआइ के डायरेक्टर डॉ. जतिन्द्र सिंह, पीएचडीसीसीआइ के पूर्व प्रेसिडेंट अनील खेतान, राजस्थान चेप्टर चेयरमैन दिग्विजय डाबरिया, राजस्थान टूरिज्म विभाग की एडिशनल डायरेक्टर डॉ. मनीष अरोड़ा, सुनील दत्त गोयल व इंडिया गोल्फ टूरिज्म एसोसिएशन के अध्यक्ष राजन सहगल मौजूद रहे। शुक्रवार को रामबाग गोल्फ क्लब में पीएचडी गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में राजस्थान सहित देशभर के 80 से अधिक गोल्फर्स ने हिस्सा लिया। इसमें कर्नल एसके लकड़ा को ओवरऑल विनर, शांतनु सांगी को रनरअप, एचई येह जीउन एवं टीएन चेन को लेडी विजेता, नीरज लखी को पिन से निकटतम, हैदर अली को सबसे लंबी ड्राइव और जीतू भटनागर को स्ट्रेटेस्ट ड्राइव के खिताब से नवाजा गया।

# Rajasthan Patrika, 15 December 2019 (Page 12)

## आर्थिक विकास को बताया हर्बिंगर



डेली न्यूज, patrika रिपोर्टर, जयपुर। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने दो दिवसीय कॉन्क्लेव आयोजित किया, जिसमें भारत को टूरिज्म हब बनाने पर जोर दिया गया। एक होटल में आयोजित हुए पीएचडी टूरिज्म कॉन्क्लेव में पर्यटन को बढ़ावा देने के मुद्दों और अवसरों पर चर्चा करने के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र के सभी संबंधित हितधारकों को एक मंच पर लाया गया। उद्घाटन सत्र में ताइपे इकोनॉमिक एंड कल्चरल सेंटर इन इंडिया के राजदूत एचई चुंग क्वांग टीएन, पूर्व आईएएस विनोद जुत्शी, पीएचडीसीसीआई के डायरेक्टर डॉ. जतिन्दर सिंह, पीएचडीसीसीआई के पूर्व प्रेसिडेंट अनील खेतान, राजस्थान चैप्टर चेयरमैन दिग्विजय डाबरिया, राजस्थान टूरिज्म विभाग के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. मनीष अरोड़ा, सुनील दत्त गोयल व इंडिया टूरिज्म एसोसिएशन के अध्यक्ष राजन सहगल ने भाग लिया।

पीएचडीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष अनिल खेतान ने कहा कि युवाओं के बीच टूरिज्म की उभरती प्रवृत्ति ने युवाओं को बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए प्रेरित किया है। इस दौरान एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई, जिसे राजन सहगल ने संचालित किया गया। इसमें स्टाफनेशिया, भीम सिंह, दीपाली शाह गांधी, कुणाल सिंह, प्रिंस सिद्धा और अंकित शर्मा ने विचार व्यक्त किए।

# Rajasthan Patrika, 17 December 2019 (Page 21)

जयपुर बनेगा गोल्फ टूरिज्म का हब

## टूरिज्म से जुड़ेंगे आर्मड फोर्सेज के गोल्फ कोर्स!

**मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म की डायरेक्टर जनरल मीनाक्षी शर्मा की पत्रिका प्लस से खास बातचीत**



जयपुर ● टूरिज्म आज देश में अर्निंग का बड़ा सोर्स बन रहा है। इससे जॉब्स भी क्रिएट हो रहे हैं। इन दिनों जयपुर सहित पूरी कंट्री में गोल्फ टूरिज्म का भी क्रेज बढ़ रहा है। पिछले कुछ सालों के डेटा एनालिसिस के बाद सामने आया है कि भारत आने वाले बिजनेस ट्रैवलर की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी हो रही है और इस कम्युनिटी को गोल्फ टूरिज्म से जोड़ा जा रहा है। ये कहना है मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म की डायरेक्टर जनरल मीनाक्षी शर्मा का. रामबाग गोल्फ क्लब में आयोजित पीएचडी गोल्फ टूरिज्म कॉन्क्लेव एंड टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पहुंची शर्मा ने कहा कि जयपुर अपने टूरिज्म के लिए दुनियाभर में अपनी पहचान रखता है। आने वाले दिनों में गोल्फ टूरिज्म का भी बड़ा हब बनने वाला है। वहीं गवर्नमेंट भी पॉलिसी मेकिंग में इस बात का विशेष ध्यान रख रही है।

उन्होंने कहा कि आर्मड फोर्सेज के पास बड़ी संख्या में अच्छे गोल्फ कोर्स हैं। मिनिस्ट्री इन्हें टूरिज्म से जोड़ने पर काम कर रही है। इंडिया आने वाले बिजनेस ट्रैवलर को कुछ दिन और रोकना हमारा मोटो है। गोल्फ टूरिज्म इसमें बड़ा रोल प्ले कर सकता है। फिलहाल प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि गोल्फ टूरिज्म से देश में फॉरेन करेंसी बढ़ेगी। अब तक अमेरिका और जापान गोल्फ टूरिज्म का सबसे बड़ा हब है, जल्द ही हम इनकी कैटेगरी में शामिल होंगे।

### बढ़ेगा एम्पलॉयमेंट

गोल्फ को लेकर शर्मा ने कहा कि ये काफी एलीट गेम है। गोल्फ टूरिज्म से बढ़ने से रेवेन्यू बढ़ने के साथ लोकल एम्पलॉयमेंट को भी बूस्ट मिलेगा। शहर का रामबाग गोल्फ क्लब देश के खूबसूरत गोल्फ क्लब में शामिल है। वहीं टूरिज्म को लेकर उन्होंने कहा कि गवर्नमेंट इस सेक्टर को काफी प्रमोट कर रही है। जीएसटी में भी कमी की गई है, अब बारी इंडस्ट्री की है।